पंजाब केसरी 19/02/2025

आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस को लेकर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अम्बाला, 18 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज ने आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस की मूल बातों पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। प्रिंसीपल डा. अजीत सिंह ने जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय का स्वागत किया और अपने छात्रों को पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय डा. प्रबलीन कौर, डा. गीता कौशिक और डा. भारती सुजान ने पी.जी. कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता सांझा की। यह कार्यक्रम बी.सी.ए. अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें लगभग 70 प्रतिभागियों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की मौलिक ए.आई. अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में समझ को बढ़ाना है। सत्र के दौरान कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के संकाय भी उपस्थित थे।